# बड़ी कठिन है डगर गांव की . . ., पैदल यात्रा करने मजबूर ग्रामीण

## अशोक नगर जिले के कई गांवों तक परिवहन के उचित साधन ही नहीं

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। ग्रामीण क्षेत्रों में जाने के लिए परिवहन के साधनों का आज भी अभाव है। जिले के कई गांव ऐसे हैं, जहां या तो पहुंच मार्ग नहीं है या फिर परिवहन के लिए बस या अन्य कोई सुरक्षित वाहन नहीं जाते हैं। ऐसे ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर अपने गंतव्य तक पहुंचना मजबूरी है।**

सरकार ने भले ही अशोकनगर जिले को सुंदर और सुविधाजनक बनाने की बात कह रही हो। स्वयं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया भी विकास की गंगा बहाने का दावा कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर परिवहन के मामले में सबसे ज्यादा परेशानी जिले के ग्रामीण अंचल में सामने आ रही हैं। क्योंकि तहसील से जुड़े कई ऐसे गांव हैं जहां सड़क तो बन गई हैं लेकिन पर्याप्त आवागमन के साधन आज भी उपलब्ध नहीं हैं। लोगों को आज भी बस पकड़ने के लिए दो से तीन किमी का रास्ता पैदल या अपने निजी साधन से ही जाना पड़ता है। क्योंकि इन रुट पर वैकल्पिक के तौर पर अन्य कोई वाहन उपलब्ध नहीं हैं। ईसागढ़ से कदवाया और चंदेरी से मुंगावली की तरफ जाने वाले मार्गों पर सबसे ज्यादा टैक्सी का उपयोग होता है। वहीं कुछ लोग पिपरई से मुंगावली की ओर भी जीप या ऑटो से जाते हैं। लेकिन यह सफर सुरक्षा की दृष्टि से सहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर ज्यादातर बसें लम्बी दूरी वाली हैं, जो छोटे-छोटे गांवों में जाने वाले यात्रियों को जगह नहीं देती हैं। इसी तरह जो बसें चल रही हैं, उनका किराया बहुत ज्यादा है। इसलिए ऑटो का ही सहारा लेना पड़ रहा है।



जानकारी के मुताबिक जिले के दूरस्थ गांवों व आदिवासी अंचलों में सुरक्षित और आरामदेह सार्वजनिक परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन योजना लागू की गई थी। लेकिन विभाग के अधिकारियों के उदासीन रवैए की वजह से इसका क्रियान्वयन भी ठीक ढंग से नहीं हो पाया है। गौरतलब है कि ग्रामीण परिवहन योजना में ग्रामीण मार्ग उन्हें माना गया है जो गांवों को निकट के मुख्य मार्गों या ब्लॉक या तहसील, जिला मुख्यालय को छोड़कर से जोड़ते हों। इन मार्गो पर चलने वाले वाहनों को खास रंग दिया गया है ताकि उनकी अलग से पहचान हो सके तथा उनका दुरुपयोग अन्य क्षेत्रों में न किया जाए। यह व्यवस्था भी जिले के ग्रामीण अंचल में सफल नहीं हो सकी है।

जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। आवागमन के साधनों के अभाव में जिले के ग्रामीण अंचल में लोग परेशान हैं। स्थिति ये है कि लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए डग्गामार वाहनों में ओवरलोड होकर चल रहे हैं। मसलन व्यस्तम मार्गों में से एक पनवाड़ी रोड पर मात्र 3 बसें ही चलती हैं। लौटने के लिए आखिरी बस शाम पौने 6 बजे तक ही है। ये बसें अशोकनगर से पनवाड़ी होते हुए आरोन से अनंतपुर तक पहुंचती हैं। इस रुट से जुड़े ग्रामीणों को बस पकडने अपने साधनों से ही आना पड़ता है।

**लोगों को करनी पड़ती है पैदल यात्रा**

चंदेरी क्षेत्र के ग्राम भटोली के लोगों को ढाई किमी दूर धाननखेड़ी आने के लिए पैदल चलना पड़ता है। अशोकनगर से चंदेरी तक सिंगल रोड है। यहां भी सफर खतरनाक रहता है। जिले के ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोगों के सामने सबसे बड़ी समस्या पर्याप्त आवागमन के साधन उपलब्ध न होना है। ऐसे में आमजन के समक्ष खटारा व ओवरलोड वाहनों में सफर करना मजबूरी बन गई है। यही नहीं कई मार्गों पर बहुत कम यात्री बसें चलती हैं, जो यात्रियों की संख्या के हिसाब से नाकाफी हैं। जिसके चलते छतों पर भी यात्री बैठें नजर आते हैं। कई बार तो लोगों को यह वाहन भी उपलब्ध नहीं हो पाते हैं तो उन्हें मजबूरीवश पैदल ही जाना पड़ता है।

**बस संचालक लेते हैं मोटा किराया**

हालांकि ऐसा नहीं है कि सभी ग्रामीण रूट पर आवागमन के लिए बस सुविधा उपलब्ध नहीं है। बल्कि ग्रामीण बसों का उपयोग इसलिए नहीं करते हैं क्योंकि उन्हें किराया काफी महंगा लगता है। दरअसल बस संचालक 10 किलोमीटर सफर के लिए भी 20 रुपए वसूलते हैं। जबकि ऑटो या डग्गामार वाहन केवल 10 रुपए में ले जाते हैं। इसी तरह अगर किसी को 50 किलोमीटर का सफर करना है तो 80 से 100 रुपए देने पड़ते हैं। लेकिन ऑटो में या छोटे वाहन में 50 रुपए में ही काम चल जाता है।



## संभागीय आयुक्त ने दिए कानून व्यवस्था और सुशासन के कड़े निर्देश

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** ग्वालियर संभाग के आयुक्त मनोज खत्री ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के महत्वपूर्ण बिंदुओं के पालन प्रतिवेदन की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में आयुक्त ने जिले के अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस में अशोकनगर कलेक्टर साकेत मालवीय, अपर कलेक्टर डी.एन. सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान आयुक्त खत्री ने निर्देशित किया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जोनल प्लान के अनुसार कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण के प्रकरणों में भुगतान और जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों के नियमित आयोजन के संबंध में भी निर्देश दिए। सुशासन के तहत राजस्व वसूली, लोक सेवा गारंटी, सीएम हेल्पलाइन और नामांतरण-बंटवारा जैसे राजस्व मामलों की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही ई-ऑफिस प्रणाली, फार्मर आईडी और स्वामित्व योजना के कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। आयुक्त ने नल-जल योजनाओं के सफल संचालन और पीएम जनमन योजना के कार्यों की प्रगति की विशेष रूप से मॉनिटरिंग करने को कहा। ग्रामीण विकास के अंतर्गत रोजगार गारंटी (मनरेगा) के क्रियान्वयन और किसानों को पराली/नरवाई न जलाने हेतु जागरूक करने के लिए अभियान चलाने पर जोर दिया गया। इसके अलावा सूक्ष्म एवं लघु उद्योग और कामधेनु योजना के तहत बैंकों से ऋण प्रकरणों की स्वीकृति की भी समीक्षा की गई।

**19 फरवरी की तैयारी के निर्देश**

आयुक्त ने कौशल विकास और निगरानी समितियों की बैठकें नियमित आयोजित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी 19 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाली कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के लिए सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभागों से संबंधित बिंदुओं की पूर्ण और सटीक जानकारी समय पर भेजना सुनिश्चित करें, ताकि कॉन्फ्रेंस में जिले की प्रगति का प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया जा सके।

### एक नजर में

**जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन**

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशों के परिपालन में आगामी जनगणना 2027 के कार्यों और गतिविधियों के सुचारू संचालन एवं प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी साकेत मालवीय द्वारा जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन किया गया है। यह समिति जिले में जनगणना से जुड़ी समस्त प्रक्रियाओं, डेटा संकलन और निगरानी के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी होगी। गठित समिति के स्वरूप के अनुसार, प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर समिति के अध्यक्ष होंगे, जबकि जिला जनगणना अधिकारी को संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति में प्रशासनिक और तकनीकी तालमेल बनाए रखने के लिए विभिन्न विभागों के प्रमुखों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इनमें अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी तथा जिला जनसंपर्क अधिकारी सदस्य के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे। यह समिति जनगणना अभियान के दौरान विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करेगी।

# 'आदिश्वर धाम' मंदिर का निर्माण कार्य का शुभारंभ

## तीन मंजिला भव्य जिनालय में विराजमान होंगे बड़े बाबा, प्रतिदिन होगा भक्तांमर पाठ

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। नगर के सुभाष गंज स्थित आदिश्वर धाम में गुरुवार को अपार श्रद्धा और उत्साह के साथ श्री शांतिनाथ महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया गया। यह विशेष आयोजन सुभाष गंज जैन मंदिर के विधिवत नवनिर्माण कार्य के शुभारंभ के उपलक्ष्य में हुआ।**



मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज के आशीर्वाद और मार्गदर्शन में बनने वाला यह मंदिर आधुनिकता और प्राचीन वास्तुकला का बेजोड़ संगम होगा। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान के मंगल कलशाभिषेक और विश्व शांति की कामना के साथ महाशांतिधारा से हुई। शांतिधारा करने का सौभाग्य जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कांसल, राजकुमार कांसल, विकास रिक्कू, भारत, महेश घमंडी और उमेश सिंघई सहित अन्य श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। जैन समाज के मंत्री शैलेंद्र श्रागर ने मधुर भजनों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। उन्होंने कहा कि आज हम सब मिलकर यह मंगल भावना भा रहे हैं कि गंज मंदिर का निर्माण कार्य निर्विघ्न और शीघ्र पूर्ण हो।

जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कांसल ने मंदिर की भव्यता की जानकारी देते हुए बताया कि आदिश्वर धाम का निर्माण तीन तलों (मंजिलों) में किया जाएगा। पहले तल पर भगवान आदिनाथ (बड़े बाबा) की विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी। द्वितीय तल पर भगवान श्री मुनि सुब्रत नाथ स्वामी का 'समवशरण' विराजमान होगा। तृतीय तल पर सबसे ऊपरी मंजिल पर भगवान चंद्रप्रभु स्वामी, भगवान महावीर स्वामी और भगवान शांतिनाथ स्वामी की प्रतिमाएं विराजमान होंगी। कांसल ने कहा कि सकल जैन समाज का संकल्प है कि इस भव्य जिनालय में बड़े बाबा जल्द से जल्द विराजमान हों।

**रोजाना होगा भक्तामर विधान**

जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि मुनि श्री के निर्देशानुसार, मंदिर निर्माण के दौरान यहाँ प्रतिदिन 'असीम कालीन श्री भक्तामर मंडल विधान' का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने नगर के प्रत्येक परिवार से इस भक्ति यज्ञ में शामिल होने की अपील की। जिन परिवारों ने विधान के लिए नाम दिए हैं, उन्हें तारीखें आवंटित की जा रही हैं ताकि मंदिर के आकार लेने के साथ-साथ समाज की भक्ति भी बढ़ती रहे।

### आचार्यश्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और अर्घ्य समर्पण

विधान के प्रारंभ में आचार्य भगवंत श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन संयोजक उमेश सिंघई, शैलेंद्र श्रागर, राजेश कांसल और महेश घमंडी द्वारा किया गया। इसके पश्चात संगीत की लहरियों पर थिरकते हुए श्रद्धालुओं ने मंडल पर श्रीफल और अर्घ्य समर्पित किए। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला मंडल और श्रावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महामंत्री राकेश अमरोद, सचिन कांसल, रिक्कू भारत, अशोक कक्का सहित समाज के गणमान्य नागरिक और भक्तगण उपस्थित थे।

## नेहरू कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कार्यशाला आयोजित

**अशोकनगर।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम के तहत गुरुवार को शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय (प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस) में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया । बात करें और बोझ हल्का करें थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना था।

मानसिक तनाव और अवसाद पर हुई चर्चा कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। छात्रों को मानसिक तनाव, अवसाद (डिप्रेशन) और चिंता जैसे विषयों की जानकारी देते हुए इनसे निपटने के प्रभावी उपाय बताए गए। 'मनहित ऐप' और टोल फ्री नंबर की दी जानकारी जिला चिकित्सालय से आई परामर्शदाता ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए 'मनहित ऐप' के बारे में जानकारी साझा की। ऐप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपनी मानसिक समस्याओं के समाधान के लिए दिए गए टोल फ्री नंबर की सहायता ले सकता है।

## सूचना पर पुलिस ने पकड़ा अवैध शराब का जखीरा



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** पिपरई पुलिस ने चार थानों की पुलिस के दल-बल के साथ भरियाखेड़ी गांव में अवैध रूप से संचालित महुआ शराब के अड्डों पर छापेमारी की है, जहां से तकरीबन 340 लीटर अवैध शराब बरामद की है। और बड़ी तादात में अवैध शराब बनाने के सामन को जब्त कर करीब पांच हजार लीटर लहान नष्ट किया गया है। तो वहीं रंगे हाथों अवैध शराब का कारोबार करने वाले 11 शराब माफियाओं को भी धर दबोचा है, इस अवैध शराब की कीमत करीब 4 लाख से अधिक बताई जा रही है जिसे जब्त कर नष्ट भी किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार शराब माफियाओं के खिलाफ आबकारी अधिनियमों के अन्तर्गत अबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ओमप्रकाश मिश्रा ने बताया कि यह कार्रवाई आगामी करीला में लगने वाले रंगपंचमी के त्यौहार को देखते हुए की गई है। लेकिन आगे भी लगातार मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही चलती रहेगी ?।

## शिविर में बताए छात्राओं को कानून के अधिकार और गुड टच-बैड टच के नियम




**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश तथा अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 अशोकनगर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व न्यायाधीश मनीष अनुरागी एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा की उपस्थिति में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति सचेत करना रहा। शिविर के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं व उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं) योजना-2015 की विस्तृत जानकारी दी गई। बालिकाओं को विशेष रूप से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के महत्व को समझाते हुए बताया गया कि वर्तमान में बेटियां हर क्षेत्र में बेटों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर नाम रोशन कर रही हैं। विशेषज्ञों ने छात्रों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। शिविर में गुड टच-बैड टच, शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध, पोक्सो अधिनियम, दहेज प्रतिषेध, घरेलू हिंसा और प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाने के तरीकों जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही विधिक सहायता, सलाह, मध्यस्थता और पीड़ितों के लिए संचालित योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य राकेश यादव, शिक्षक महेन्द्र कुमार जैन, रमेश गौतम एवं विवेक यादव उपस्थित रहे।

**धमकी**

**वॉयस नोट में मिली जान से मारने की धमकी**

# जिले के कारोबारी से बिश्नोई गैंग के नाम पर 10 करोड़ की रंगदारी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश के अशोकनगर में एक बड़े कारोबारी और बिल्डर को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर धमकाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी अंकित अग्रवाल से 10 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई है। धमकी देने वाले ने खुद को बिश्नोई गैंग का सदस्य 'हरि बॉक्सर' बताया है। इस घटना के बाद से शहर के व्यापारियों में हड़कंप मच गया है।

इंटरनेशनल नंबरों से आए कॉल और वॉयस नोट पीड़ित अंकित अग्रवाल के अनुसार, 11 फरवरी को उनके पास तीन अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय नंबरों से व्हाट्सऐप कॉल आए। जब उन्होंने फोन नहीं उठाया, तो आरोपी ने लगभग दो मिनट का एक वॉयस नोट भेजा। वॉयस नोट में आरोपी ने बेहद आक्रामक लहजे में कहा, मैं हरि बॉक्सर बोल रहा हूं, लॉरेंस बिश्नोई गैंग से। फोन उठाकर बात कर ले, वरना दिमाग की सारी गलतफहमी निकाल देंगे। हमने आज तक जिसे फोन किया है, उसे बिना पैसे लिए नहीं छोड़ा; या तो पैसे लिए हैं या उसे मार दिया है।




**पूरी रेकी के साथ दी धमकी**

परिवार की हर डिटेल मेरे पास है: धमकी देने वाले शख्स ने कारोबारी को डराने के लिए उनके व्यापार और परिवार की पूरी जानकारी साझा की। वॉयस नोट में उसने अंकित की ट्रैक्टर एजेंसी, बंसल कैपिटल ग्रुप, निर्माणाधीन कॉलोनी और पेट्रोल पंप तक का जिक्र किया। आरोपी ने यहाँ तक दावा किया कि उसके पास अंकित की पत्नी, माता-पिता और उनके आने-जाने के समय के साथ-साथ घर की फोटो और लोकेशन भी मौजूद है। उसने चेतावनी दी कि यदि दो दिन के भीतर 10 करोड़ रुपए नहीं मिले, तो यह रकम बढ़ाकर 20 करोड़ कर दी जाएगी और जान से मारने की कार्रवाई की जाएगी।

**शहर के एक अन्य व्यापारी को भी आया कॉल**

अंकित अग्रवाल के अलावा शहर के एक अन्य व्यापारी बलबीर खुराना ने भी पुलिस को सूचना दी है कि उन्हें भी एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से संदिग्ध कॉल आया था, जिसे उन्होंने रिसीव नहीं किया। पुलिस और साइबर सेल जांच में जुटी मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और साइबर सेल ने जांच तेज कर दी है। एएसपी गजेंद्र सिंह कंवर ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह किसी की शरारत या बिश्नोई गैंग के नाम पर डर फैलाकर वसूली की कोशिश लग रही है। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों, कॉल डिटेल्स और डिजिटल ट्रेल के आधार पर आरोपी की लोकेशन ट्रैक करने का प्रयास कर रही है। पीड़ित की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## नवोदय विद्यालय में 'फुटबॉल फॉर स्कूल' का समापन




**अशोकनगर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खिरियादेवत में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित 'फुटबॉल फॉर स्कूल' कार्यक्रम का आयोजन खेल भावना और उत्साह के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि जागृत करना और उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है। एसडीएम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) ईसागढ़, त्रिलोचन गौड़ का विद्यालय परिवार द्वारा बैज पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर एसडीएम गौड़ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल गतिविधियाँ जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करती हैं। उन्होंने छात्रों को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम द्वारा ईसागढ़ ब्लॉक के कुल 28 शासकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों को 156 फुटबॉल वितरित की गईं। फुटबॉल प्राप्त करने वाले प्रमुख स्कूलों में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कदवाया, अखाईघाट, घुरवरकलां, नई सराय, महिदपुर, पिपरेसा, सारसखेड़ी, ढाकोणी, राजतला, बमनावर, खिरियादेवत, अजलेश्वर, इदौर, सिरणी, कालितोर, पारसौल, महुआन, धुर्रा सहित जीवन ज्योति स्कूल, शिवपुरी पब्लिक स्कूल, मॉडल स्कूल, एक्सीलेंस स्कूल और बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय ईसागढ़ शामिल रहे।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर**

क्र./ड- 154/2025-26 चंदेरी दिनांक 12/02/2026

**//विज्ञप्ति//**

आवेदक अकरम पुत्र महबूब उर्रहमान निवासी ग्राम चंदेरी तहसील चंदेरी द्वारा अपने पिता महबूब उर्रहमान पिता अब्दुल हफीज की मृत्यु दिनांक 11/06/1972 को ग्राम चंदेरी में होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु आदेश/आज्ञा दिए जाने का निवेदन किया है। अत: प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 20/02/20 26 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी।

**तहसीलदार**
**तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर म.प्र.**